प्रिय मित्रों !

वर्तमान वर्ष में आप सभी के अमूल्य सहयोग का ही परिणाम है, जिसके कारण केंद्रीय नेतृत्व आप सभी की आकांक्षा के अनुरूप विपरीत परिस्थितियों के बावजूद अनेक विषयों को मंत्रालय, प्रसार भारती एवं विभाग के सक्षम अधिकारियों के समक्ष प्रभावशाली तरीके से रख पाया एवं पूर्णता की ओर निरंतर अग्रसर रहा। इनमें से कुछ प्रमुख विषय इस प्रकार हैं ,जैसे कि एसोसिएशन की रिकॉग्निशन प्रक्रिया में सकारात्मक एवं अभूतपूर्व प्रगति, हमारे सभी हेल्पर भाइयों का ए सी पी प्रकरण ,टेक्नीशियन एवं सीनियर टेक्नीशियन का मर्जर करके उन्हें जूनियर ब्रॉडकास्ट इंजीनियर पद दिया जाना, इंजीनियरिंग असिस्टेंट का रिप्लेसमेंट स्केल एवं देश के सभी जोन में एल पी टी वी/ डी एम सी के बन्द होने के कारण हमारे सदस्यों के ट्रांसफर को बहुतायत में समायोजित करवाना व कुछ सदस्यों की ब्यक्तिगत समस्याओं का निराकरण इत्यादि।

आप सभी के पूर्ण विश्वास एवं सहयोग की ताकत पर भरोसे के आधार पर मैं स्वयं को सक्षम पाता हूं कि आप सभी को भरोसा दिला सकूं कि जो बीज हम सभी ने मिलकर बीते वर्ष बोए हैं ,उन सभी के सकारात्मक रूप में फलीभूत होने का समय नूतन वर्ष में आने वाला है। एसोसिएशन के जनरल सेक्रेटरी श्री अनिल कुमार गुप्ता जी ने ह्वाट्स ऐप ग्रुप पर कुछ उपलब्धियों का विवरण भी गत सप्ताह दिया था।

मैं एसोसिएशन के समस्त सदस्यों का आवाहन करना चाहता हूं कि नूतन वर्ष में हम सभी पूर्ण विश्वास, सहयोग, समर्थन एवं समर्पण से एडीटीए को सशक्त एवं भरोसेमंद बनाए रखें जिससे कि हम सभी सदस्यों के कल्याण को चरितार्थ कर सकें।

उपरोक्त प्रतिबद्धता के साथ आप सभी सदस्यों को मेरी ओर से नये वर्ष 2020 की भावपूर्ण एवं हार्दिक शुभकामनाएं।

श्यामवीर सिंह

अध्यक्ष,ए डी टी ए

Dear friends !

In the current year, it is the result of the invaluable support of all of you, due to which the central leadership was able to put many issues effectively before the competent authorities of the department, Prasar Bharati and the Ministry, despite adverse circumstances in accordance with the aspirations of all of you towards perfection & continued marching forward. Some of these key issues are, such as positive and unprecedented progress in the association's recognition process, the ACP issue of all our Helper brothers, merger of Technician and Senior Technician and giving them the position of Junior Broadcast Engineer, Replacement scale of Engineering Assistant. Due to closure of LPTV / DMC in all zones of the country, our member's transfers to be adjusted in abundance and some member's personal problems resolved so.

On the basis of the trust of all of you and the strength of cooperation, I find myself able to assure all of you that the time that we all have sown together in the past year, time for all of them to flourish in positive form. The year is coming. The General Secretary of the association, Mr. Anil Kumar Gupta, also gave details of some achievements on the WhatsApp Group last week.

I would like to call upon all the members of the Association to keep the ADTEA strong and reliable with full faith, support, and dedication in the new year, so that we can promote the welfare of all the members.

With all the above commitment, I express my sincere and heartiest wishes for the new year 2020 to all of you.

Happy New Year 2020

Shyam vir Singh

President, ADTEA